प्रादेषिक समाचार
आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 19.10.2025 समय : 18.30 पीएम

00000

- दीपोत्सव पर पूरा प्रदेश जगमगाया–दिवाली कल परम्परागत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी जायेगी।

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी–आमजन से स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने की अपील की।

- बारां के अंता विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर तैयारियां तेज।

- प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर अक्टूबर के अंत तक रात का तापमान 15 डिग्री सैल्सियस से नीचे रहने का पूर्वानुमान।

**000000**

देशभर में दीपावली का पर्व कल परम्परागत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जायेगा। रोशनी के पर्व के लिए जयपुर सहित प्रदेश के विभिन्न शहर कस्बो में व्यापक स्तर पर सजावट और रोशनी की गई है। बाजारों में त्यौहारी उत्साह नजर आ रहा है। लोग पूजन सामग्री, मिठाइयां, दीपक सहित अन्य वस्तुओं की खरीदारी में जुटे हैं। धनतेरस से शुरू हुआ दीपोत्सव का पर्व पिछले साल की तरह इस बार भी छह दिन का रहेगा। दीपावली के बाद 22 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा और अन्नकूट के आयोजन होंगे। वहीं 23 तारीख को भाईदूज पर्व मनाया जाएगा।
त्यौहारी श्रृंखला में आज रूप चतुर्दशी और छोटी दीपावली मनाई जा रही है। रूप चौदस को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह है। इस दिन साज श्रृंगार करना शुभ माना जाता है। मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड रही है। जन आस्था के प्रतीक जैसलमेर के रामेदवरा स्थित बाबा रामेदव मंदिर में फूलों से सुंदर सजावट की गई है। बाडमेर जिले में भी दिवाली को लेकर खासा उत्साह बना हुआ है।

पाली में भी दिवाली को लेकर बाजारों में खरीदारों की खासी भीड है। शहर में इस अवसर पर विशेष साजसज्जा की गई है। प्राचीन ब्रम्हपुरी स्थित महालक्ष्मी मंदिर में कल विशेष पूजन किया जायेगा, इसे लेकर मंदिर में आकर्षक सजावट की जा रही है।

भरतपुर में त्यौहारी सीजन में इन दिनों वोकल फोर लोकल थीम पर गाय के गोबर से बने उत्पादों की खरीद के प्रति लोगों का खासा रूझान नजर आ रहा है। इस सामग्री की अन्य प्रदेशों में भी मांग बनी हुई है। उधर, भारत–पाकिस्तान अंतराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ जवानों ने सीमा चौकियों पर दीये और मोमबत्तियाँ जलाकर मिठाई बाँटी और देशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएँ दीं। दीपोत्सव का पर्व शांति और सौहार्द के साथ मनाने के लिए प्रदेशभर में सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किये गये हैं। वहीं यातायात की भी विशेष व्यवस्था की गई है। देशी–विदेशी सैलानी भी दीपोत्सव का आनंद लेने के

लिए प्रदेशभर के पर्यटन स्थलों पर पहुंचे हैं। कल धनतेरस पर राजधानी जयपुर में भी बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों ने बाजारों में सजावट और जगमग रोशनी को निहारा। रेल्वे ने दीपावली, छठ पूजा और अन्य त्यौहारों को ध्यान में रखते हुए यात्रियों के लिए विशेष इंतजाम किए है। अतिरिक्त यात्री भार को देखते हुए विभिन्न गंतव्य स्थानों के लिए 49 जोडी स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। वहीं 60 नियमित ट्रेनों में 174 अतिरिक्त डिब्बे जोडे गये है। उत्तर पश्चिम रेल्वे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकिरण के अनुसार यात्रियों की भीड को देखते हुए प्रमुख स्टेशनों पर विशेष व्यवस्थाएं की गई है। स्टेशनों पर अनावश्यक भीड नहीं हो इसके लिए प्लेटफॉर्म टिकट को प्रतिबंधित किया गया है।

00000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रदेशवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी है। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कामना की है कि रोशनी का यह त्योंहार सभी के जीवन में नई खुशियां लेकर आए। वहीं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को दीपोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए आमजन से पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रख प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाने और स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करने की अपील की है।

-----

0000

इस बीच भीलवाडा में लोगों में स्वदेशी उत्पादों को खरीदने के प्रति रूझान दिख रहा है। भीलवाड़ा नगर निगम के महापौर राकेश पाठक ने बताया कि जीएसटी बचत उत्सव के बाद बने माहौल से खरीदारी जोरो पर है।

-----

हनुमानगढ जिले में जीएसटी बचत उत्सव का हर वर्ग पर सकारात्मक असर देखा जा रहा है। किसान रोहिताश सैनी ने बताया कि जीएसटी दरों में कमी से उसे ट्रेक्टर खरीदने में काफी फायदा मिला है।

-----

0000

दिवाली पर वंचित तबको में खुशी बांटने के लिए बांसवाडा पुलिस ने इस बार अनूठी पहल की है। बांसवाडा पुलिस के अधिकारी और जवानों ने वंचित तबके के बच्चों के निवास स्थलों और निराश्रित गृहों में जाकर उन्हें मिठाई भेंट की। साथ ही उन्हें उपहार में शिक्षण सामग्री भेंट की जिसमें कॉपी, किताब, यूनिफोर्म जूते और कपडे शामिल है।

000

चुनाव आयोग ने केंद्रीय पर्यवेक्षकों से बिहार चुनाव प्रक्रिया और अन्य राज्यों के 8 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनावों पर कड़ी निगरानी रखने को कहा है ताकि पारदर्शी, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित किये जा सकें। आयोग ने एक बयान में कहा कि उपचुनावों के लिए 8 सामान्य और 8 पुलिस पर्यवेक्षकों की भी नियुक्ति की गई है। पर्यवेक्षकों को राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और मतदाताओं की शिकायतों के समाधान के लिए पूरी तरह से उपलब्ध रहने को कहा गया है। साथ ही मतदान केंद्रों का दौरा करने और मतदाताओं की सुविधा के लिए आयोग द्वारा किये गये उपायों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में बारां जिले की अंता विधानसभा सीट पर भी उपचुनाव होना है। अब तक कुल 12 लोगों ने 17 नामांकन दाखिल कर दिए हैं। नामांकन प्रस्तुत करने की आखिरी तारीख 21 अक्टूबर है। 23 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। इच्छुक उम्मीदवार 27 अक्टूबर तक नाम वापस ले सकते हैं। मतदान 11 नवम्बर को और मतगणना 14 नवम्बर को होगी।

0000

जैसलमेर बस अग्निकांड में झुलसे दो और लोगों की उपचार के दौरान जोधपुर में मृत्यु हो गई। दोनों ही जैसलमेर जिले के निवासी थे। इसके साथ ही इस हादसे में मरने वालों की संख्या 24 हो गई है। ये हादसा 14 अक्टूबर को जैसलमेर के पास थईयात गांव में हुआ था। मृतकों में 17 जैसलमेर और 7 जोधपुर के निवासी थे। फिलहाल महात्मा गांधी अस्पताल में 10 घायलों का उपचार किया जा रहा है। इस बीच केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने अस्पताल पंहुचकर घायल यात्रियों के बारे में जानकारी ली और उनके परिजनों से मुलाकात की। श्री शेखावत ने सभी लोगों से हादसे में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करने की अपील की है।

----

000

भीलवाड़ा जिले में रबी फसल की बुवाई के लिए बड़े पैमाने पर तैयारियां की गई हैं। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक ने बताया कि जिले में 3 लाख 60 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में बुवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस बार सबसे ज्यादा गेहूं की बुवाई का लक्ष्य रखा गया है। इसके अलावा, सरसों, जौ और चने की बुवाई होगी। वहीं तारामीरा की बुवाई का काम लगभग पूरा किया जा चुका है।

----

**0000**

प्रदेश में ज्यादातर स्थानों पर मौसम के मिजाज में बदलाव आने लगा है। दिन में तापमान में शुष्कता और हल्की गर्माहट बनी हुई है। वहीं रात के तापमान में गिरावट से सुबह शाम गुलाबी ठण्ड का असर महसूस होने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार अक्टूबर के अंतिम सप्ताह तक कई जिलों में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहने का पूर्वानुमान है। इस बीच, बीते 24 घंटों में भी तापमान में उतार—चढ़ाव का सिलसिला जारी रहा। बाडमेर में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, वहीं जैसलमेर और बीकानेर में भी पारा 35 से 36 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया। उधर, सीकर में न्यूनतम तापमान साढे 13 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार दिवाली और उसके बाद के दो—तीन दिनों तक आमतौर पर राज्य का मौसम सामान्य रहेगा। इस दौरान किसी भी जिले में बारिश की संभावना नहीं है।

0000